भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संसदीय सहयोग बढ़ाया जाए: लोक सभा अध्यक्ष

*

भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत ने लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की

*

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर, 2021: भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत, महामहिम श्री अहमद अल्बन्ना ने आज लोक सभा अध्यक्ष के नई दिल्ली स्थित आवास पर उनसे भेंट की।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच ऐतिहासिक मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, जो भारत के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस, महामहिम श्री मोहम्मद बिन जायद के नेतृत्व में और अधिक मजबूत हुए हैं। श्री बिरला ने यह भी कहा कि 2015 में भारत के प्रधान मंत्री की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद से दोनों देशों के संबंधों को नया आयाम मिला और माननीय प्रधान मंत्री की जनवरी 2022 में प्रस्तावित यात्रा से ये संबंध और मजबूत होंगे। श्री बिरला ने कहा कि जहां भारत अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर "आजादी का अमृत महोत्सव" मना रहा है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात अपनी स्थापना का "50वां वर्ष" मना रहा है।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि हाल के वर्षों में व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा और संस्कृति के क्षेत्रों में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय संबंध गहरे हुए हैं, श्री बिरला ने कहा कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात मैत्री समूह का गठन किया जा रहा है जिससे दोनों देशों की संसदों के बीच सहयोग और बढ़ेगा।

इस बात पर संतोष व्यक्त करते हुए कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी की बातचीत रिकॉर्ड समय में पूरी हुई है, श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि इसके परिणामस्वरूप, महामारी के बाद की अवधि में दोनों देशों में व्यापार और विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह आशा भी जताई कि निवेश, ऊर्जा और स्टार्ट अप के क्षेत्र में भी द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। भारत की दुबई एक्सपो में बड़े पैमाने पर भागीदारी से संयुक्त अरब अमीरात के साथ आर्थिक सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है। श्री बिरला ने कोविड-19 महामारी के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में बसे भारतीय समुदाय की सहायता के लिए संयुक्त अरब अमीरात को धन्यवाद दिया।